कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2023–विज्ञप्ति 04 / 225 / 2023–24 दिनांक 14 सितम्बर 2023।

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) 2023
परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2023–विज्ञप्ति 01 / 106–108 / 2022–23 दिनांक 30 जून 2023 एवं पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2023--विज्ञप्ति 03 / 166 / 2023–24 दिनांक 19 अगस्त 2023 के क्रम में निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन (शुल्क भुगतान सहित) करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET-I & II) 2023, दिनांक 29 सितम्बर 2023 को आयोजित की जाएगी।** यू0टी0ई0टी0 प्रथम की परीक्षा प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक तथा यू0टी0ई0टी0 द्वितीय की परीक्षा अपराह्न 02:00 से 04:30 बजे तक सम्पन्न होगी। समस्त अर्ह (शुल्क भुगतान सहित) अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र परिषद् की वेबसाइट **www.ukutet.com** एवं **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** ऑइकॉन पर अपलोड किए जा चुके है। **अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) नम्बर एवं पासवर्ड अथवा नाम व जन्मतिथि** (जैसा आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) **भर कर 16 सितम्बर 2023 से अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकेगे।**

यदि किसी अभ्यर्थी का परीक्षा प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा हो और उसके द्वारा विधिवत ऑन–लाइन (शुल्क भुगतान सहित) आवेदन किया गया हो तो वह **दिनांक 27 से 28 सितम्बर 2023 को कार्यालय समय में अपने द्वारा परीक्षा हेतु चयनित प्रथम परीक्षा शहर में बने नोडल परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर अपना प्रवेशपत्र प्राप्त कर सकते हैं।** इस हेतु अभ्यर्थी को **ऑन–लाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो** (आवेदन पत्र में अपलोड किये गये फोटो समान) एवं फोटो पहचान पत्र (जैसा कि आवेदन में अंकित किया गया है) की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी। परीक्षा शहरवार नोडल परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद् की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

भवदीय

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।